**20** हजार की आबादी हिमालय में 40 गांवों की मुश्किलों में घिर सकती है। आने वाले दिनों में इन गांवों को बर्फबारी के बीच पानी–बिजली ही नहीं, खाद्यान्न के संकट से भी जूझना पड़ सकता है। दरअसल, इन गांवों को मिलने वाला केरोसिन का कोटा पूरी तरह बंद हो चुका है।

# उप्र के उन्नाव में दूसरे दिन भी सुलगी ट्रांस गंगा सिटी, लाखों का सामान जला

**बढ़ा विवाद** ▶ प्रशासन ने फोर्स के साथ गांवों में रूट मार्च किया, शुरू हुआ निर्माण

**जागरण संवाददाता, उन्नाव**

मुआवजे की मांग को लेकर उप्र के उन्नाव स्थित ट्रांस गंगा सिटी रविवार को भी सुलगती रही। किसानों ने इस बार प्रशासन से गुरिल्ला वार किया। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के अफसरों ने अधिगृहीत भूमि पर बोई फसल उखाड़ना शुरू किया तो किसानों ने यूपीसीडा के निर्माणाधीन दो सब स्टेशनों में आगजनी कर दी। वहां उपकरण और सामान फूंक दिए। इस घटना के बाद पुलिस-प्रशासन ने गांवों में रूट मार्च कर दबाव बनाया और सिटी परिसर में निर्माण कार्य शुरू कराया। आगजनी की घटना पर यूपीसीडा ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए गंगाघाट थाने में तहरीर दी है।

प्रशासन को पहले से ही आशंका थी कि रविवार को बवाल बढ़ सकता है। भारी पुलिस और पीएसी बल के साथ अफसरों ने सुबह ही ट्रांस गंगा सिटी परिसर में डेरा जमा लिया था। लगभग 10 बजे एसडीएम दिनेश सिंह और सीओ भीम कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी शुरू करा दी। यूपीसीडा के अधिकारियों ने भूमि पर कब्जा कर बोई गई फसल को जेसीबी से उखाड़ना शुरू किया तो किसानों ने कार्यालय से करीब दो किमी दूर यूपीसीडा के एक निर्माणाधीन सब स्टेशन में आग लगा दी। वहां जमा लाखों रुपये के प्लास्टिक पाइप जल गए। किसानों ने आग कब लगाई, प्रशासन व पुलिस को भी इसकी भनक तक नहीं लगी। प्रशासन आग बुझवा रहा था, तभी दूसरे सब स्टेशन से धुआं और लपटें निकलने लगीं। सब स्टेशनों में लाखों रुपये का सामान व मिक्सर मशीन जल गई। दोनों स्थानों की आग बुझाने में तीन घंटे मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद गांवों में फोर्स के रूट मार्च के दौरान कुछ किसान नेताओं पर शिकंजा कसा गया और गांव वालों को हिदायत देते हुए सिटी परिसर में निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। डीएम देवेंद्र कुमार पांडेय, एडीएम राकेश सिंह, एसपी एमपी वर्मा, एएसपी विनोद कुमार पांडेय आदि अधिकारियों ने मौके पर मोर्चा संभाला।


उन्नाव में किसानों ने यूपीसीडा के सब स्टेशन ने लगाई आग, वहां रखे सामान से उठता धुआं। जागरण

### घायल किसान पर लाठी बरसाती रही पुलिस

ट्रांस गंगा सिटी में शनिवार को पुलिस ने किसानों पर जमकर लाठी भांजी थीं। हद तो तब हो गई जब भगदड़ के दौरान एक किसान घायल होकर गिर पड़ा। उसे उठाना तो दूर, एक सिपाही उस पर लाठी बरसाता रहा। पुलिस बर्बरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो महकमे में खलबली मच गई। एसपी ने मामले की जांच करा कार्रवाई की बात कही है। पुलिस का अमानवीय चेहरा उजागर करते इस वीडियो में दिख रहा है कि आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज के दौरान एक किसान घायल होकर गिर पड़ा। वह इस कदर अधमरा होकर पड़ा था कि उठकर भाग भी नहीं सकता था। जमीन पर गिरा किसान मदद की गुहार लगा रहा था। इतने में एक सिपाही करीब आया और उठाने की जगह उस पर लाठी चलाने लगा।

# सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम में एक दशक बाद शामिल हुई महिला जज

**नई दिल्ली, आइएएनएस**

▶ आखिरी महिला सदस्य जस्टिस पाल वर्ष 2006 में हो गई थीं सेवानिवृत्त


सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम में एक दशक बाद रविवार को किसी महिला सदस्य को शामिल किया गया। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई के रविवार को सेवानिवृत्त होने के बाद जस्टिस आर. भानुमति को कोलेजियम में जगह मिली है।

जस्टिस भानुमति से पहले कोलेजियम में जस्टिस रूमा पाल सबसे ज्यादा तीन साल तक सदस्य रहीं। चार जून 2006 को जस्टिस पाल के सेवानिवृत्त होने के बाद कोलेजियम में कोई महिला सदस्य नहीं रहा था। वह 28 जनवरी 2006 को सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त हुई थीं।

तमिलनाडु की रहने वाली जस्टिस भानुमति शीर्ष अदालत के पांच वरिष्ठ जजों में से एक हैं, इसलिए नियमानुसार वह कोलेजियम की सदस्य बनीं। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम विभिन्न हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति की सिफारिश करता है। अब जस्टिस भानुमति के साथ-साथ नामित चीफ जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस अरुण मिश्रा और जस्टिस आरएफ नरीमन कोलेजियम के सदस्य हैं। जस्टिस भानुमति 19 जुलाई 2020 को सेवानिवृत्त होंगी और तब तक वह कोलेजियम की सदस्य रहेंगी। 20 जुलाई 1955 को जन्मी भानुमति का वर्ष 1988 में तमिलनाडु हायर जूडिशियल सर्विसेज में सीधा चयन हुआ। राज्य के कई जिलों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में काम करने के बाद तीन अप्रैल 2003 को उन्हें मद्रास हाई कोर्ट के जज के रूप में प्रोन्नति मिली।


जस्टिस आर. भानुमति फाइल

**झारखंड हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रहीं, कई उल्लेखनीय काम किए :** जस्टिस भानुमति ने 16 नवंबर 2013 को झारखंड हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभाला था। वहां उन्होंने न सिर्फ जिला अदालतों के आधारभूत ढांचे को दुरुस्त किया, बल्कि न्यायिक कर्मचारियों की कमी को दूर करने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया। न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों की मदद के लिए उन्होंने नियमों की पुस्तिका का भी प्रकाशन करवाया। 13 अगस्त 2014 को वह सुप्रीम कोर्ट में जज बनीं। जस्टिस भानुमति के अलावा सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल जस्टिस इंदु मल्होत्रा और जस्टिस इंदिरा बनर्जी दो अन्य महिला जज हैं।


फाइल फोटो

## पैसेंजर टर्मिनल की लेन में नहीं जा पाएंगे श्रद्धालु

**महिंदर सिंह अर्लीभन्न, डेरा बाबा नानक (गुरदासपुर)**

भारत-पाक के बीच डेरा बाबा नानक में बनाए गए कॉरिडोर के रास्ते सीमा पर जाकर दूरबीन से श्री करतारपुर साहिब के दर्शन करने वाले श्रद्धालु अब पैसेंजर टर्मिनल की लेन में नहीं जा पाएंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से कॉरिडोर के बीच में 10 से 12 फीट ऊंची लोहे की जाली लगा दी गई है। टर्मिनल के करीब आधा किलोमीटर पीछे चेक पोस्ट तक यह व्यवस्था बना दी गई है।

चेकपोस्ट से दर्शन स्थली की ओर जाने वाले श्रद्धालु सर्विस लेन से भेजे जाएंगे। पहले सभी श्रद्धालु टर्मिनल के बाहर तक घूम सकते थे। श्रद्धालु परमजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, जसविंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, बलविंदर सिंह और बख्शीश सिंह का कहना है कि पहले जो श्रद्धालु श्री करतारपुर साहिब से आते थे उनसे अन्य लोग बात कर लेते थे, लेकिन अब बीच में लोहे की जाली लगा दी गई है। पहले ही चेक पोस्ट से लेकर टर्मिनल में प्रवेश द्वार तक कड़ी सुरक्षा की गई थी, लेकिन अब बीच में एक और दीवार बना दी गई है।

**पाक ने भेजी 650 श्रद्धालुओं की सूची, दर्शन करने गए 554:** कॉरिडोर के रास्ते रविवार को 554 श्रद्धालुओं ने पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शन किए। पाकिस्तान ने 650 श्रद्धालुओं की सूची भेजी थी जिनमें से 96 श्रद्धालु नहीं गए। नौ दिन में 3388 भारतीय श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब के खुले दर्शन कर चुके हैं। रविवार को जाने वाले श्रद्धालुओं में डेरा बाबा नानक के एसएमओ ओम प्रकाश, जगदेव सिंह, हरमन सिंह, जसबीर सिंह, रमन कुमार, तरलोक सिंह, बलविंदर सिंह, सतनाम सिंह, डॉक्टर रजनी, सरबजीत सिंह, कुलविंदर पाल, हरविंदर कौर और मनदीप सिंह भी शामिल थे। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें वहां गुरुद्वारा साहिब में कुआं साहिब, दीवान हॉल आदि दिखाए गए।

## न्यूज गैलरी

### 1.52 करोड़ चोरी में महिला समेत नौ को जेल

**प्रयागराज :** सिविल लाइंस में रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी एटीएम कैश वैन से 1.52 करोड़ चोरी के मामले में महिला समेत नौ लोगों को रविवार दोपहर जेल भेज दिया गया। घटना तीन अक्टूबर को हुई थी। शाम पांच बजे कैश वैन रेलवे स्टेशन के सिविल लाइंस साइड स्थित एसबीआइ एसटीएम के सामने पहुंची थी। इकलौते गार्ड के साथ कैश वैन को दोनों कस्टोडियन थैले में 18 लाख रुपये लेकर एटीएम में लोड करने चले गए थे। उसी बीच शातिर गिरोह ने वैन से बक्सा निकाल लिया, जिसमें 1.52 करोड़ रुपये थे। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने बदमाशों की पहचान की थी। इस मामले में पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लेकर पर्दाफाश किया। कोर्ट में पेशी के बाद मजिस्ट्रेट ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपित तमिलनाडु में त्रिचिरापल्ली के मनिकन्दम भुलई पट्टी गांव का मुकेश कुमार, प्रेम कोइरी, उसका भाई राजा कोइरी, जैक मुदलियार, गोकुल, कुमारन, साहुल हमीद, सुब्रमण्यम है जबकि महिला मीना सेलवी पश्चिम बंगाल में हुगली की रहने वाली है। (जासं)

### सीतामढ़ी से जयपुर जा रही बस पलटी, पांच की मौत

**कुशीनगर :** हेतिमपुर मुजहना टोल प्लाजा के पास रविवार रात बिहार के सीतामढ़ी से राजस्थान के जयपुर जा रही बस पलटने से पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन यात्री घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 80 यात्री सवार थे। जयपुर निवासी मोनू (30) ठेकेदार बिहार के मजदूरों को बस से लेकर जयपुर जा रहा था। रात नौ बजे के करीब बस टोल प्लाजा के निकट पहुंचने पर चालक नियंत्रण खो बैठा और बस फोरलेन से नीचे खेत में पलट गई। मौके पर चीख–पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को हाटा और कसया के अस्पतालों में पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक तीन मृतकों की पहचान राकेश, गुड्डू और धीरज के रूप में हुई है। तीनों महराजगंज के रहने वाले हैं। (जासं)

### पैर फिसलने से साध्वी उमा भारती चोटिल

**ऋषिकेश :** गंगा की अविरलता और स्वच्छता को लेकर गोमुख से गंगासागर तक पैदल यात्रा पर निकली पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ब्रह्मपुरी आश्रम के कक्ष में फिसलने से घायल हो गई। उनकी एड़ी में चोट आई है। चिकित्सकों ने उन्हें एम्स में उपचार के साथ आराम की सलाह दी है। (जासं)

# बस में कांस्टेबल की लगी आंख एके 47, चार मैगजीन चोरी

**जागरण संवाददाता, खन्ना (लुधियाना)**

▶ पंजाब का मामला, कांस्टेबल के खिलाफ केस दर्ज, गिरफ्तार

पटियाला के बहादुरगढ़ में तैनात एक कांस्टेबल की बस में सफर के दौरान एक एके-47 असाल्ट्स, 100 कारतूस, चार मैगजीन और वर्दी चोरी हो गई। वारदात उस समय हुई जब कांस्टेबल को बस में नींद आ गई थी। पुलिस ने कांस्टेबल तस्वीर सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, पुलिस का शक तस्वीर सिंह के अलावा उसके साथ बस में बैठी एक महिला पर भी है, जिसके बारे में तस्वीर सिंह को अंदेशा है कि उसी ने हथियार चुराए हैं। पूरे राज्य के थानों से श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव को मनाने के लिए पुलिस मुलाजिमों की सुल्तानपुर लोधी में ड्यूटियां लगाई गई थीं। तस्वीर सिंह भी ड्यूटी पर गया था। ड्यूटी के बाद अन्य मुलाजिम वापस आ गए, लेकिन तस्वीर सिंह अपना हथियार साथ लेकर जिला बटाला में अपने घर चला गया था। रविवार को वह बटाला से जालंधर और लुधियाना होते हुए पटियाला जा रहा था। खन्ना पहुंचने पर उसे इस बात का अहसास हुआ कि उसका बैग गायब है। बैग में उसका हथियार, कारतूस, मैगजीन और वर्दी थी। घबराहट में वह खन्ना ही उतर गया। उसने घटना की सूचना अपने हेडक्वार्टर के साथ सिटी वन पुलिस को दी। इसके बाद पहले पुलिस ने हथियारों की तलाश की, फिर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मामला दर्ज कर तस्वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। शुरुआती पूछताछ के दौरान उसने बताया कि लुधियाना के बाद बस में उसके बगल में महिला बैठी थी। उसे उस पर शक है।

### शुरुआती जांच में दिख रही लापरवाही : एसएसपी

खन्ना के एसएसपी गुरशरणदीप सिंह ग्रेवाल ने कहा कि शुरुआती जांच में कांस्टेबल तस्वीर सिंह की लापरवाही सामने आई है। सारे मामले की जानकारी पटियाला पुलिस समेत उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। तस्वीर के बयान के आधार पर इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। पूरी जांच के बाद ही कुछ सामने आ पाएगा।



### ज्वेलर से बन गए गोसेवक...

देश में गो तस्करों की मॉब लिंचिंग को लेकर खूब सवाल उठे, लेकिन गोसेवा की हकीकत जाननी है तो मिलिए तेलंगाना के 80 वर्षीय गोसेवक धर्मराज रांका से। अपना ज्वेलर का चलता हुआ व्यवसाय छोड़कर धर्मराज ने गायों की सेवा और सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। हैदराबाद स्थित तीन एकड़ में फैले सत्यम, शिवम सुंदरम गऊ निवास में 5,300 गाय हैं। इनमें अधिकांश ऐसी गाय हैं, जिन्हें बूचड़खानों से बचाया गया। धर्मराज प्रतिवर्ष नवंबर माह में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन करते हैं। इसमें देशभर से हजारों लोग सम्मलित होने पहुंचते हैं। एएनआइ

### मध्य प्रदेश में दुर्घटना, एक ही परिवार के पांच लोगों की जान गई

**नईदुनिया, बड़वानी (मप्र) :** मध्य प्रदेश के बड़वानी में अंजड़ से करीब आठ किमी दूर ग्राम मंडवाड़ा के समीप रविवार सुबह पोकलेन मशीन ले जा रहे ट्रॉले और कार की भीषण टक्कर हो गई। इसके बाद ट्रॉला कार पर चढ़ गया। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं चार वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के अनुसार अंजड़ के राजपुर रोड निवासी परिवार कार (एमपी 09-सीबी 2111) से खरगोन जिले के ग्राम छोटी कसरावद शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकला था। कार में दो महिला, दो पुरष और दो बच्चे शामिल थे। ग्राम मंडवाड़ा के समीप कार की सामने से आ रहे ट्रॉले (जीजे 18-एटी 8494) से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में अकील (32) पिता सदिर मिर्जा, पत्नी कौशर मिर्जा (30) व पुत्री माहेरा (दो) सहित मुबारिक (46) पिता बाबू शेख व पत्नी सुल्ताना (40) दोनों निवासी छोटी कसरावद, हाल मुकाम, अंजड़ की मृत्यु हो गई। अक ल की चार वर्षीय बेटी साफीया गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे बड़वानी जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया।

# चिन्मयानंद की सीजेएम कोर्ट में आज होगी पेशी

**जागरण संवाददाता, शाहजहांपुर**

चिन्मयानंद प्रकरण में सोमवार से कोर्ट ट्रायल शुरू होगा। छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में चिन्मयानंद को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में पेश किया जाएगा। चिन्मयानंद को 20 सितंबर को विशेष जांच दल (एसआइटी) ने दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया था। अब तक न्यायिक हिरासत में होने के कारण चिन्मयानंद की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेशी हो रही थी। बीते दिनों चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब इस मुकदमे पर सुनवाई शुरू होगी, जिस कारण उनको सोमवार को तारीख पर कोर्ट में पेश होना पड़ेगा।

उधर, चिन्मयानंद की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। उस पर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को फैसला आ सकता है। वहीं छात्रा की जमानत याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई होना तय है। अन्य तीनों युवकों की ओर से अभी कोई याचिका दायर नहीं की गई है। चिन्मयानंद से ब्लैकमेलिंग की आरोपित छात्रा, उसके दोस्त संजय सिंह, विक्रम सिंह, सचिन सेंगर भी जेल में बंद हैं।

उन लोगों की पेशी मंगलवार को कोर्ट में होगी। इस तारीख पर ब्लैकमेल के आरोपित जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री डीपी सिंह और भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री अजीत सिंह भी इस दिन कोर्ट में पेश हो सकते हैं। दोनों के नाम एसआइटी ने चार्जशीट में शामिल किए हैं, लेकिन जमानतीय धाराएं होने के कारण गिरफ्तारी नहीं की गई थी।

### चश्मा बरामदगी न होने पर उठ सकते हैं सवाल

चिन्मयानंद प्रकरण में एसआइटी जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। मगर, वह चश्मा नहीं तलाश सकी जिस पर लगे कैमरे से चिन्मयानंद के आपत्तिजनक वीडियो बनाए गए थे। भले ही एसआइटी ने जांच में चश्मे की कोई खास उपयोगिता न बताई हो, लेकिन वकील इसको लेकर एसआइटी पर भी सवाल उठा सकते हैं।

### दिल्ली–नैनीताल हाईवे पर 18 और 19 की रात बंद रहेगा यातायात

**जागरण संवाददाता, रुद्रपुर :** दिल्ली-नैनीताल हाईवे पर रुद्रपुर और बिलासपुर के मध्य रेलवे फाटक की मरम्मत और टीटीएम (टाइट टैंपिंग मशीन) का पैकिंग का काम किया जाएगा। इसके चलते 18 और 19 नवंबर की रात बिलासपुर-रुद्रपुर के बीच मार्ग पर वाहनों का यातायात बंद रहेगा। इस मार्ग पर दिल्ली के लिए ज्यादातर आवागमन होता है। छतरपुर और पंतनगर रेलवे स्टेशन के बीच मरम्मत कार्य के चलते शनिवार को भी दिल्ली-नैनीताल हाईवे 14 घंटे बंद रहा था। अब 18 और 19 नवंबर की रात को बिलासपुर और रुद्रपुर रेलवे स्टेशनों के बीच ग्राम इंदरपुर स्थित रेलवे फाटक संख्या 89 रेलवे लाइन की मरम्मत होगी। साथ ही, ओवरहालिंग और टीटीएम की पैकिंग का काम होना है। इसके लिए रेलवे ने संबंधित मार्ग पर वाहनों को रात में बंद करने के लिए जिला प्रशासन को पत्राचार किया है। इसमें 18 और 19 नवंबर की रात आठ बजे से सुबह पांच बजे तक रुद्रपुर और बिलासपुर मार्ग पर वाहनों का आवागमन रोकने के लिए प्रशासन से सहयोग मांगा है। संभावना जताई जा रही है कि उक्त मार्ग बंद रहने से दिल्ली, मुरादाबाद को आने-जाने वाले वाहन वाया काशीपुर होकर निकाले जाएंगे।

# दो राज्यों में इनामी दस्यु सुंदरी साधना पटेल गिरफ्तार

**नईदुनिया, सतना**

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे दस्यु प्रभावित क्षेत्र से दुर्दांत डकैत बबुली और लवलेश का सफाया करने के बाद पुलिस ने शनिवार को तराई क्षेत्र में सक्रिय अंतरराज्यीय डकैत गिरोह की सरगना साधना पटेल (21) को गिरफ्तार कर लिया है। उससे असलहा और कारतूस बरामद हुए हैं। साधना पर दोनों राज्यों की पुलिस ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

पुलिस अधीक्षक रियाज इकबाल ने बताया कि सतना पुलिस साधना पटेल गिरोह पर नजर रख रही थी। जानकारी मिली कि वह अपने साथियों के साथ मझगवां थाने के कड़ियन मोड़ के जंगल के पास है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**आपराधिक पृष्ठभूमि:** साधना पटेल उर्फ बेलनी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के रामपुर पालदेव गांव की रहने वाली है। उसकी बुआ के कुख्यात डकैत चुन्नी लाल पटेल से घनिष्ठ संबंध थे। साधना नवल धोबी गिरोह की सक्रिय सदस्य बनी, लेकिन गिरोह के कई सदस्य पुलिस गिरफ्त में आ गए तो खुद का गिरोह बना लिया। वह अपहरण, ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने के साथ राहगीरों से लूटपाट करने लगी। उसके खिलाफ सतना के नयागांव, मझगवां और बरौंधा थानों में पांच मामले दर्ज हैं।


दस्यु सुंदरी साधना पटेल। जागरण

**समर्पण नहीं, गिरफ्तार किया:** उत्तर प्रदेश पुलिस के हवाले से साधना के आत्मसमर्पण करने की चर्चा थी। लेकिन सतना के एसपी रियाज इकबाल ने कहा कि सतना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश पुलिस हमारे साथ नहीं थी।

## आयोजन

# लिट्टी–चोखा के साथ लीजिए सोनपुर मेला का आनंद

मेले में खाने–पीने की कई चीजें सैलानियों को कर रहीं आकर्षित, दूर–दराज से आ रहे हैं लोग

**जागरण संवाददाता, हाजीपुर**

आस्था एवं परंपरा के विविध रंगों में रंगे हरिहरक्षेत्र सोनपुर मेला में भारतीय संस्कृति के कई रूप देखने को मिल रहे हैं। मेले में लजीज व्यंजन की मिठास घुली हुई है।

लिट्टी-चोखा व कई जायकेदार व्यंजन मेले में आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों को खूब लुभा रहे हैं। गुड़ की जलेबी, पापड़ी मिठाई जैसे व्यंजन सैलानियों को अपनी ओर खींच रहे। आम दिनों में गुड़ की जलेबी बमुश्किल मिलती है लेकिन हरिहरक्षेत्र मेला के दौरान इसकी जमकर बिक्री हो रही है। मेला क्षेत्र के नखास, गज-ग्राह चौक, हरिहरनाथ मंदिर रोड, चिड़िया बाजार, गाय बाजार आदि में गुड़ की जलेबी की दर्जनों दुकानें सजीं हैं। मेले में चटपटे अचार का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। अचार की कई दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां आम, नींबू, मिक्सड, मिर्च व अन्य फ्लेवर के अचार की खूब बिक्री हो रही है। मेला क्षेत्र के चिड़िया बाजार रोड में पापड़ी मिठाई व खजूर की आधा दर्जन से अधिक दुकानें हैं।


सोनपुर मेले में लिट्टी–चोखा की दुकान पर अपनी बारी का इंतजार करते लोग। जागरण

**अपराध निरोध प्रदर्शनी का डीजीपी ने किया उद्घाटन:** पुलिस महानिदेशक गुप्तेश्वर पांडेय ने रविवार को हरिहरक्षेत्र मेला में अपराध निरोध अनुसंधान विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद डीजीपी ने मंडप में पुलिस तथा अन्य विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। यहां एसटीएफ के कमांडो दस्ते के अत्याधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी लगी हुई है।

# निरंजनी अखाड़ा में महंत ने गोली मारकर दी जान

**जागरण संवाददाता, प्रयागराज**

▶ रविवार सुबह अपने कक्ष में लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी के पास मारी गोली

दारागंज में गंगा तट पर स्थित पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में महंत आशीष गिरि (45) ने रविवार सुबह गोली मारकर अपनी जान दे दी। पुलिस अधिकारी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और छानबीन की।

वह मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले थे। करीब आठ साल से दारागंज में पंचायती अखाड़ा श्रीनिरंजनी में थे। इन दिनों वह अखाड़ा के सचिव भी थे। वह अखाड़ा भवन में प्रथम तल स्थित कक्ष में रहते थे। रविवार सुबह नौ बजे उन्हें मठ बाघंबरी गद्दी जाना था। वहीं जलपान करना था। कुछ पदाधिकारी वहां पहुंच भी चुके थे। अखाड़ा का लेखा-जोखा संभालने वाले कमलेश द्विवेदी के मुताबिक, महंत को सुबह आठ बजे कमरे में चाय दी गई। उन्होंने कहा था कि कुछ देर बाद वह नीचे आ रहे हैं। जब देर तक वह नहीं उतरे तो एक साधु उन्हें बुलाने पहुंचा तो वह कमरे में फर्श पर बिछे अपने बिस्तर पर पड़े थे। सिर से खून बह रहा था। पास में पिस्टल पड़ी थी। साधु ने शोर मचाया तो अखाड़ा में मौजूद अन्य साधु पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी पहुंची।

महंत की दाहिनी कनपटी के पास गोली लगी थी। पुलिस को कमरे में बड़ी मात्रा में दवाएं और मेडिकल जांच रिपोर्ट मिलीं। साधुओं ने बताया कि महंत आशीष गिरि काफी समय से लीवर की बीमारी से जूझ रहे थे। कुछ महीने पहले देहरादून के अस्पताल में भर्ती भी रहे। एक-दो बार बोले भी थे कि बीमारी ने जीना मुश्किल कर दिया है। एसपी सिटी बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि मेडिकल जांच रिपोर्ट व अखाड़ा पदाधिकारियों के बयान से साफ हुआ है कि महंत ने बीमारी की वजह से गोली मारकर जान दी है। इससे इतर पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों को लीवर और किडनी सामान्य मिली।

## 12 घुसपैठिए व एक सोना तस्कर गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, कोलकाता :** दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के बीएसएफ के जवानों ने शनिवार को सीमावर्ती जिला उत्तर 24 परगना और मुर्शिदाबाद के विभिन्न स्थानों से अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार करने वाले 12 अवैध घुसपैठियों को गिरफ्तार किया। मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना और नादिया की सीमा क्षेत्रों से विभिन्न माध्यमों से बांग्लादेश को तस्करी किए जा रहे 28 मवेशी और 499 बोतल फेंसिडिल को भी जब्त किया गया है।

बीओपी गोबर्धा,153 बटालियन बीएसएफ (थाना स्वरूप नगर के अंतर्गत), दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने सीमावर्ती क्षेत्र से चार बांग्लादेशी और एक भारतीय नागरिक को,153 बटालियन बीएसएफ के बीओपी घोजाडांगा (थाना बशीरहाट के अंतर्गत) से दो बांग्लादेशी नागरिकों को, 112 बटालियन बीएसएफ के बीओपी तराली (थाना स्वरूप नगर के अंतर्गत) से एक बांग्लादेशी नागरिक को और 64 बटालियन बीएसएफ के बीओपी डोबारपारा (थाना गायघाटा के अंतर्गत) से एक बांग्लादेशी नागरिक को उस वक्त गिरफ्तार किया।